हिन्दुस्तान

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी0आर0 414/2023

डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2023 के आधार पर राज्य के डी०एल०एड० प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु जारी प्रथम सूची के चयनित आवेदकों/अन्य आवेदकों तथा संबंधित प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य के लिए आवश्यक सूचना

समिति की विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 387/2023 के क्रम में सभी संबंधित हितधारकों को यह सूचित किया जाता है कि राज्य के डी०एल०एड० प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2023–25 में नामांकन हेतु आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2023 के पश्चात् ऑनलाईन आवेदन के आधार पर समिति द्वारा नामांकन हेतु प्रथम चरण की चयन सूची दिनांक 11.11.2023 को जारी की गयी थी। चयनित आवेदकों को निर्गत Intimation Letter में आवंटित संस्थानों में नामांकन हेतु दिनांक 13.11.2023 से 18.11.2023 तक की अवधि निर्धारित थी, **जो अभ्यर्थी हित में दिनांक 25.11.2023 तक विस्तारित की जाती है।**

2. तदनुसार नामांकन एवं अन्य गतिविधियों की संशोधित समय तालिका निम्नवत् है :–

क्र. सं.	कार्य	तिथि
i	नामांकन की विस्तारित अवधि	25.11.2023 तक
ii	आवेदकों द्वारा नामांकन के पश्चात् **स्लाइड अप** की प्रक्रिया के लिये ऑनलाईन आवेदन की अवधि	25.11.2023 तक
iii	प्रशिक्षण संस्थान द्वारा पोर्टल पर Login कर अंतिम रूप से **सीट अद्यतन** (Updation) किया जाना	26.11.2023 तक
iv	जिस विद्यार्थी का चयन **प्रथम चयन सूची** में कहीं भी नहीं होता है, उसके लिये नया विकल्प भरने अथवा पूर्व के विकल्प में परिवर्तन करने की अवधि	27.11.2023 से 28.11.2023 तक
v	**द्वितीय चयन सूची** जारी करने की तिथि	02.12.2023
vi	**द्वितीय सूची** के आधार पर नामांकन अवधि	04.12.2023 से 06.12.2023 तक
vii	प्रशिक्षण संस्थान द्वारा पोर्टल पर Login कर अंतिम रूप से **सीट अद्यतन** (Updation) किया जाना	07.12.2023
viii	**तृतीय सूची** जारी करने की तिथि	10.12.2023
ix	**तृतीय सूची** के आधार पर नामांकन अवधि	11.12.2023 से 12.12.2023 तक
x	प्रशिक्षण संस्थान द्वारा पोर्टल पर Login कर अंतिम रूप से **सीट अद्यतन** (Updation) किया जाना	13.12.2023

3. **प्रथम चरण में जिन आवेदकों का नामांकन हेतु संस्थान का आवंटन हुआ है और उन्होंने अभी तक अपना नामांकन नहीं लिया है, उन्हें यह परामर्श दिया जाता है कि वे उक्त निर्धारित तिथि 25.11.2023 तक अपना नामांकन अवश्य करा लें। जो आवेदक अपने आवंटित संस्थान में उक्त अवधि तक नामांकन नहीं लेते हैं उनका अभ्यर्थित्व अगले चरणों के लिये समाप्त कर दिया जाएगा।**

4. डी०एल०एड० कोर्स संचालित सभी संस्थानों के प्राचार्य को निर्देश दिया जाता है कि इस संबंध में समिति के विज्ञप्ति/पत्रों के माध्यम से समय–समय पर दिए गए निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।

5. समिति की विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 387/2023 में निर्धारित अन्य निर्देश एवं शर्तें यथावत् रहेंगे।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)

Scanned with CamScanner